कार्यालय वन संरक्षक, अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

कृषि वानिकी चेतना केन्द्र, अनूपशहर रोड, छेरत, अलीगढ़, पिन–202001 * ई–मेल: cfaligarh@gmail.com

पत्रांक 1915 / 14–10, दिनांक:अलीगढ़:जनवरी, 05 2016

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम,1980
उ0प्र0, लखनऊ।

विषय:– **अलीगढ़ में पलवल–टप्पल–अलीगढ़ मार्ग (एस0एस0–22ए) किमी0 62.5 की बांयी पटरी पर ग्राम–अर्राना के खसरा सं0– 203 में विकसित किये जा रहे एस्सार ऑयल लिमिटेड के रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण का प्रस्ताव।**

संदर्भ:– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, का पत्रांक 8बी / यू0पी0 / 06 / 46 / 2015 / एफ0सी0 / 1032 दि0 03.12.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा लगायीं गयीं आपत्तियों का निराकरण कर प्रभागीय निदेशक, अलीगढ़ द्वारा अपने पत्रांक 2140 / 14–10, दिनांक 28.12.2015 द्वारा संशोधित प्रस्ताव निम्न प्रकार प्रेषित किया है:

1. भाग–II में उल्लिखित वृक्षों के पातन का ब्यौरा प्रस्ताव के पृष्ठ में उपलब्ध करायी गयी स्थल निरीक्षण आख्या से मेल खाता है। इस हेतु संयुक्त निरीक्षण प्रमाण–पत्र में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है।
2. प्रस्ताव के भाग–3 पर अपेक्षित कार्यवाही कर मूल प्रपत्र संलग्न है।
3. प्रस्ताव में छूटे हुए प्रपत्रों पर प्रभागीय वनाधिकारी की मुहर लगा कर हस्ताक्षर करा दी गयी है।
4. प्रस्ताव के पृष्ट सं0–26 पर उपलब्ध करायी गयी वनभूमि की गणना पर पुनःविचार कर लिया गया है। इस हेतु Architect से भी क्षेत्रफल का पुनः गणना करा ली गयी है। यह पृष्ठ संख्या 51 में उपलब्ध करायी गये रिटेल आउटलेट के स्वीकृत ले–आउट से मेल खाती है। Architect से इस विषय में प्राप्त प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है
5. प्रस्ताव में संलग्न प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वनभूमि के भू–संदर्भित मानचित्र में प्रवेश एवं निकास की वक्रता से संबंधित बिन्दुओं को दर्शाकर संशोधित भू–संदर्भित मानचित्र संलग्न कर प्रेषित है।
6. स्थल उपयुक्तता प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर संलग्न कर प्रेषित है।
7. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराये गये स्थल को भू–संदर्भित मानचित्र में गुगल मानचित्र पर दर्शाकर संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।
8. प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वनभूमि एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करायी गयी वनभूमि को भू–संदर्भित मानचित्र के साथ डिजीटल रूप में KML/KMZ फाइल के रूप में प्रेषित की जा रही हैं।
9. एन0पी0वी0 की गणना इको क्लास एवं वानस्पतिक घनत्व के अनुसार करते हुए गणना प्रेषित की जा रही है।

अतः संशोधित प्रस्ताव 3 प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य वन संरक्षक / प्रभारी वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

पत्रांक / दिनांकित।

1– प्रतिलिपि–प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2– प्रतिलिपि: –डिवीजनल मैनेजर, एस्सार ऑयल लिमिटेड, ए–5, सैक्टर–3, नोएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य वन संरक्षक / प्रभारी वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त, अलीगढ़।

C.F. Office/Draftman/Land Transfer/com-ii